Lakeridge Health

13 अप्रैल 2021

**प्रिय मित्रों और पड़ोसियों,**

हमारे समुदाय में कोविड-19 फैलने से रोकने के लिए आप जो भी मदद कर रहे हैं, उस सब के लिए आपका धन्यवाद। दुर्भाग्यवश, इस तीसरी आपातकाल की स्थिति और घर-पर-रहने के प्रांतीय आदेश (Stay-at-Home Order) के साथ हम सब इस समय काफी नाज़ुक दौर से गुज़र रहे हैं।



Cynthia Davis

**अध्यक्ष और CEO**



Dr. Tony Stone

**कार्यकारी अध्यक्ष**

इस वक़्त, हम इस वायरस पर नियंत्रण पाने के लिए प्रांतीय निर्देशों का पालन करने की साझा प्रतिबद्धता पर, पहले से भी कहीं ज़्यादा निर्भर हैं।

हमारे अस्पतालों की आपातकालीन देखभाल क्षमता पर बहुत ज़्यादा दबाव पड़ रहा है। इस समय हमें  Ontario में सबसे ज़्यादा केसों की संख्या, वायरस का बहुत व्यापक प्रसार और पूरी महामारी के दौरान इसी समय सबसे ज़्यादा आपातकालीन भर्तियाँ देखने को मिल रही है। अगर अपने घर के पास की बात करें, तो Durham Region के Lakeridge Health में, आपातकालीन देखभाल और और मेडिकल भर्तियों की संख्या महामारी की 1ली या 2री लहर से कहीं ज़्यादा है। और यह भर्तियाँ चिंताजनक रूप से लगातार बढ़ती जा रही हैं।

लेकिन महामारी के तनाव के बावजूद, हम समाधान निकाल रहे हैं। हमारा स्टाफ और चिकित्सक – जो कि माता-पिता, साथी, भाई/बहन, बेटे और बेटियाँ भी हैं – हर रोज अस्पताल में संवेदना और दयालुता के साथ उच्च गुणवत्ता वाली और सुरक्षित देखभाल प्रदान करने के लिए उपस्थित होते हैं। एक प्रणाली के रूप में, Ontario के अस्पताल आवश्यकता पड़ने पर अपने संसाधन साझा करने और अपने मरीज़ों को एक अस्पताल से दूसरे में भेजने के लिए एक साथ काम कर रहे हैं। इस के साथ-साथ हम Durham Region के ज़्यादा से ज़्यादा निवासियों को जितनी जल्दी हो सके, उतनी जल्दी टीका लगवाने के लिए अपने स्थानीय स्वास्थ्य साझेदारों के साथ काम कर रहे हैं।

**तत्काल और आपातकालीन देखभाल प्रदान करने की अपनी क्षमता सुनिश्चित करना**

महामारी की परिस्थितियाँ बहुत तेज़ी से विकसित हो रही हैं, और Lakeridge Health मरीज़ों, परिवारों और स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तात्कालिक (रियल-टाइम) निर्णय ले रहा है।

इस समय, सभी आपातकालीन सर्जरी जारी रहेंगी, और साथ ही वरीयता के हिसाब से ग़ैर-आपातकालीन सर्जरी और ऐसी सर्जरी जिन्हें टाला नहीं जा सकता, जैसे कि कैंसर सर्जरी, जारी रहेंगी। लेकिन हम अपनी तात्कालिक और आपातकालीन सेवाएं प्रदान करने की क्षमता को सुरक्षित रखने के लिए सभी ग़ैर-

तात्कालिक और ग़ैर-आपातकालीन सेवाओं में कटौती कर रहे हैं। इस कटौती (रैम्प डाउन) में एक्स-रे, खून की जाँच, पुनर्वास और अन्य बाह्य रोगी प्रक्रियाएं भी शामिल हैं।

ऐसा करने से, हम वर्तमान में अपने अस्पताल में भर्ती मरीज़ों और आने वाले हफ्तों में भर्ती होने वाले मरीज़ों की सेवा करने के लिए जगह और स्टाफ दोनों की - अपने अस्पतालों में क्षमता और बढ़ा रहे हैं।

| जारी है | कटौती |
| --- | --- |
| • आपातकालीन और तात्कालिक सर्जरी<br>• वरीयता के हिसाब से ग़ैर-आपातकालीन सर्जरी और ऐसी सर्जरी जिन्हें टाला नहीं जा सकता, जैसे कि कैंसर सर्जरी। | • ग़ैर-तात्कालिक, ग़ैर-आपातकालीन सेवाएं, जैसे कि हिप रिप्लेसमेंट सर्जरी।<br>• बाह्य रोगी सेवाएं, जैसे कि एक्स-रे, खून की जाँच, पुनर्वास और अन्य बाह्य रोगी सेवाएं। |

हमें मालूम है कि ग़ैर-तात्कालिक और ग़ैर-आपातकालीन सेवाओं में कटौती से कई लोगों को परेशानी होगी। हालांकि, हम अपनी क्षमता की आवश्यकताओं का हर रोज़ आंकलन कर रहे हैं और उम्मीद करते हैं कि हम ये सेवाएं जल्द ही दोबारा शुरू कर सकेंगे।

**टीके के लिए अपना अपॉइन्ट्मेंट बुक करें**

घर-पर-रहने के संघीय आदेश के अनुसार सब लोगों को घर पर रहना ज़रूरी है, जब तक कोई ज़रूरी काम ना हो – जैसे किराने की दुकान या दवाई की दुकान पर जाना, स्वास्थ्य की देखभाल के लिए किए गए अपॉइन्टमेंट पर जाना, बाहर व्यायाम करना, और ऐसे कामों के लिए काम पर या स्कूल जाना जो दूर बैठे नहीं किए जा सकते हैं। हम आपसे इन निर्देशों का पालन करने का आग्रह करते हैं।

हम आपसे यह भी आग्रह करते हैं, कि पात्रता मिलते ही आप टीका लगवाएं। इस महामारी से लड़ने के लिए टीका लगवाना बहुत ज़रूरी है। कौन पात्र है, कौन नहीं, इस के बारे में अधिक जानकारी पाने के लिए और टीके के लिए अपॉइन्टमेंट कैसे लें, इस बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए durham.ca/vaccineappointment पर जाएं। टीके के बारे में अधिक जानकारी durham.ca/covidvaccines पर प्राप्त की जा सकती है।

**यदि लक्षण दिखाई दे रहे हों, तो एक कोविड-19 टेस्ट बुक करें**

यदि आपके कोविड-19 से संक्रमित होने की कोई भी संभावना है, तो कृपया बिना देरी किए टेस्ट करवाएं। यदि आपके घर में आप या आपके परिवार का कोई भी सदस्य बीमार पड़ता है, तो हम आपसे आग्रह करते हैं कि Covidswab.lh.ca पर जाकर तुरंत एक कोविड-19 टेस्ट बुक करवाएं।

कोविड-19 का टेस्ट करवाने में देरी करने से बिना जाने बूझे वायरस फैलाने का खतरा बढ़ जाता है। अपना अपॉइन्टमेंट बुक करवाने के बाद, परिणाम आने तक अपने आप को सब से अलग

कर लें। ऐसा ना करने से भी आप टेस्ट के परिणाम को जानने से पहले अनजाने में वायरस फैला सकते हैं। टेस्ट करवाना आसान है और इसमें देर भी नहीं लगती है, और Durham में टेस्ट करवाने के लिए आप बहुत से केंद्रों में से चुन सकते हैं -– www.lh.ca पर जाकर टेस्ट केंद्र स्थल चेक करें।

**सावधानी बनाए रखें**

कृपया सार्वजनिक स्वास्थ्य दिशानिर्देशों का पालन करना जारी रखें, जिसमें अपने हाथों को लगातार धोना, अपने घर के बाहर मास्क पहनना और सामाजिक दूरी का बनाए रखना शामिल है। महामारी की पिछली लहर के दौरान, हम सब एक साथ अपने प्रयासों से एक बदलाव लाने में सफल रहे थे, जब हमने बढ़ते हुए वक्र को वापिस मोड़ दिया था।

हमें आप पर विश्वास है और हमें यह पता है कि हम यह दोबारा कर सकते हैं!

**घर-पर-रहने के आदेश के दौरान अगले चार हफ्तों में आपके कार्य और निर्णय महत्वपूर्ण हैं, और हमारे समुदाय के स्वास्थ्य पर इनका प्रत्यक्ष असर पड़ेगा।**

सुनने के लिए, और उससे भी ज़्यादा उस पर अमल करने के लिए आपका धन्यवाद। Lakeridge Health जीवन बचाने, आराम देने, और हमारे समुदाय को स्वस्थ और सुरक्षित रखने के लिए पूरे समय काम कर रहा है। कृपया अपने हिस्से की ज़िम्मेदारी पूरी करके हमारी मदद करें।

आदर सहित,

| | |
|---|---|
| Cynthia Davis | Dr. Tony Stone |
| अध्यक्ष और CEO | कार्यकारी अधिकारी |